# अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन) का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

पत्रांक–प्र०–7/विविध–04–44/2024 /पटना, दिनांक......................

प्रेषक,

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता (रा०उ०प० उपभाग सहित)
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना।
मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना।
सभी अधीक्षण अभियंता (रा०उ०प० अंचल सहित)
पथ निर्माण विभाग, बिहार।
सभी कार्यपालक अभियंता (रा०उ०प० प्रमंडल सहित)
पथ निर्माण विभाग, बिहार।

**विषय :–** **अन्य विभागों/निगमों द्वारा किये गये डिबार/डिबार मुक्त संवेदकों की सूची विभागीय बेबसाईट पर विभागीय संसूचन हेतु अपलोड करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कतिपय विभागों/निगमों द्वारा विभिन्न संवेदकों को किये गये डिबार/डिबार मुक्त की सूचना दी गयी है, जो निम्न है :–

| क्र० सं० | संवेदक का नाम/ निबंधन संख्या | विभाग/निगम का नाम | ज्ञापांक/ दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | संवेदक श्री अमलेन्दू भूषण, ग्राम+पोस्ट–गोरखरी, थाना–विक्रम, जिला–पटना, पिन–801104 (निबंधन सं०-22/2024, श्रेणी–द्वितीय) | जल संसाधन विभाग | ज्ञापांक–6666 दि०–05.12.2025 | जल संसाधन विभाग का आदेश सं०–3205 दिनांक–11.07.2025 द्वारा किये गये डिबार आदेश से मुक्त किया गया है। |
| 2 | संवेदक Vikash Traders, Prop-Binod Kumar Yadav, Ward No-03, Manigachhi Chanaur Chandaur, Dist-Darbhanga, Pin-847422 (Reg. No-2240161) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | ज्ञापांक–547 दि०–09.12.2025 | किसी भी प्रकार की अगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित किया गया है। |
| 3 | संवेदक M/S Kabbu Khirhar, Prop-Pankaj Kumar Agarwal, शंकर चौक, डुमरा, जिला–सीतामढ़ी (सूचीबद्धता संख्या–1200046, Class-1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | ज्ञापांक–1942 दि०–11.12.2025 | निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया गया है। |
| 4 | संवेदक M/S Sashi Ranjan Kumar, ग्राम–विश्वनाथपुर, पो०–डुमरा, जिला–सीतामढ़ी (सूचीबद्धता संख्या–110120230016) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | ज्ञापांक–1941 दि०–11.12.2025 | निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया गया है। |
| 5 | संवेदक नरसिंह सिंह, ग्राम–कराह, पो०–हरपुर कराह, थाना–बनियापुर, जिला–सारण, पिन–841403 (निबंधन सं०-1190332) | ग्रामीण कार्य विभाग | ज्ञापांक–11721 दि०–19.11.2025 | ग्रामीण कार्य विभाग का पत्रांक–1133 (अनु०) दिनांक–20.02.2023 द्वारा निर्गत डीबार सूची के क्रमांक–05 से विलोपित करते हुए दिनांक–20.02.2023 से डिबार मुक्त किया गया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | संवेदक Anil Kumar Singh, Vill+P.O-Dhangai, P.S-Bikramganj, Dist-Rohtas, | बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड | ज्ञापांक—10342 दि०—19.11.2025 | बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के डिबार संबंधित आदेश संख्या—117 सह—पठित ज्ञापांक—BSEIDC/TECH/979/2016(VOL-V)—5899, दिनांक—23.09.2024 को Set Aside किया गया है। |
| 7 | संवेदक Amit Kumar Chaturvedi, At+P.O-Sematar, P.S-Guthani, Dist-Siwan, पिन—841435 (निबंधन सं०—1190387) | ग्रामीण कार्य विभाग | ज्ञापांक—11771 दि०—21.11.2025 | ग्रामीण कार्य विभाग का पत्रांक—1144 (अनु०) दिनांक—20.02.2023 द्वारा निर्गत डीबार सूची के क्रमांक—20 से विलोपित करते हुए डिबार मुक्त किया गया है। |
| 8 | संवेदक Bhabesh Mishra Construction Pvt. Ltd, Nayachak, Ishakchak, Dist-Bhagalpur, (निबंधन सं०—पु०नि०नि०2 / स्था०(नि०)—01 (प्रथम)—434 / 2021) | बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०, | ज्ञापांक—3478 दि०—25.11.2025 | संबंधित से कार्य पूर्ण होने तक अगले निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया गया है। |
| 9 | संवेदक कुमार सुधांशु सिंह, बनगांव रोड, गोदावरी कम्पलेक्स, वार्ड सं०—21, जिला—सहरसा, पिन न०—852201 (सूचीबद्धता संख्या—612 / 2019) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | ज्ञापांक—1497 दि०—06.10.2025 | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का आदेश सं०—183—सह—पठित ज्ञापांक—2019, दिनांक—28.07.2020 एवं कार्यालय आदेश सं०—224—सह—पठित ज्ञापांक—2101 दिनांक—19.08.2020 द्वारा डिबार करने संबंधी पूर्व निर्गत दोनो आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया गया है। |
| 10 | संवेदक M/S Sunita S. kundan Infrastructure Pvt. Ltd, At-Mauriyama, Post-Ashiyana Nagar, Patna, Pin-800025 (सूचीबद्धता संख्या—21 / 2020) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | ज्ञापांक—1496 दि०—06.10.2025 | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का आदेश सं०—340 दि०—13.11.2020 द्वारा डिबार संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया गया है। |
| 11 | संवेदक M/S Moni Shankar, Vill-Langarpur, P.O+P.S-Barh, Dist-Patna, Pin-803213 (सूचीबद्धता संख्या—239 / 2013) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | ज्ञापांक—1573 दि०—15.10.2025 | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का पत्रांक—1323 दि०—02.06.2017 द्वारा डिबार संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया गया है। |

अनु0—यथोक्त।

2. कॉलम 4 में अंकित संबंधित विभाग के पत्र का संदर्भ भी लिया जाना आवश्यक होगा।
3. यह सूचना केवल विभागीय संसूचन एवं परिचालन के लिए है।

कृ०प०उ०

विश्वासभाजन

ह०/–

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

ज्ञापांक–प्र०–7/विविध–04–44/2024– /पटना, दिनांक.............

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य महाप्रबंधक (परि0) बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड/ मुख्य अभियंता (रुपांकण), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना/ मुख्य अभियंता, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ Executive Director (T)-III राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार पथम तल टावर ए वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौराजी नगर, नई दिल्ली–110029 को उनके ज्ञापांकों के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

2. आपके विभाग/निगम से संबंधित प्रविष्टि में अशुद्धि परिलक्षित होने पर अवगत कराने की कृपा की जाए।

ह0/–

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

ज्ञापांक–प्र०–7/विविध–04–44/2024– 747(E)[WE] /पटना, दिनांक 31/01/2026

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण)/ कार्यपालक अभियंता, (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/आई० टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को Website पर Upload करने हेतु तथा प्रभारी e-tendering को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

30/01/26

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन)।

30.01.26

D:\Avinash Work Folder\Black Listing, Suspension Letter of Other Dept..docx

पत्र संख्या–26 / विविध–01–08 / 2025

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**आदेश**

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, अनिसाबाद, पटना अंतर्गत Pucca Protection of Left bank of Punpun River Near village Pitmas in Block Naubatpur in Dist Patna में कटाव निरोधक कार्य एकरारनामा सं0–169F2/2024-25 (एजेण्डा सं0–220 / 340 / 2025) के तहत संवेदक श्री अमलेन्दू भूषण, गोरखरी, विक्रम, जिला–पटना, पिनकोड–801104 को कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–15.05.2025 थी। कार्य की धीमी प्रगति के कारण विभागीय पदाधिकारियों द्वारा गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप कार्य को पूर्ण करने हेतु संवेदक को बार–बार स्मारित किया गया। इसके बावजूद भी संवेदक द्वारा कार्य को पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गयी। कार्य को ससमय पूरा करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक–2255 दिनांक–17.06.2025 द्वारा संवेदक को डिबार करने की अनुशंसा की गई। तत्पश्चात विभागीय पत्रांक–2765 दिनांक–20.06.2025 द्वारा संवेदक से कारण–पृच्छा की गई।

संवेदक से निर्धारित समय सीमा में कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर अप्राप्त रहने पर मामले की समीक्षा बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना से करायी गयी, समीक्षोपरांत विषयांकित कार्य की भौतिक प्रगति 56 प्रतिशत रहने के कारण संवेदक श्री अमलेन्दू भूषण को विभागीय आदेश सं0–3205 दिनांक–11.07.2025 द्वारा विषयांकित कार्य पूर्ण होने तक के लिए डिफॉल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया गया।

उक्त डिबार आदेश के विरूद्ध संवेदक श्री अमलेन्दू भूषण द्वारा अभियंता प्रमुख, मुख्यालय, पटना को एक अभ्यावेदन समर्पित किया गया, जिसमें कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप पूर्ण कर लिए जाने के आलोक में डिबार से मुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया।

संवेदक श्री अमलेन्दू भूषण से प्राप्त अभ्यावेदन के आलोक में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना से मंतव्य सहित प्रतिवेदन की माँग की गयी तदालोक में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक–4190 दिनांक–05.11.2025 द्वारा विषयांकित कार्य को दिनांक–06.09.2025 तक पूर्ण कर लिये जाने के कारण संवेदक श्री अमलेन्दू भूषण के निबंधन को डिबार से मुक्त करने की अनुशंसा की गयी।

मुख्य अभियंता, पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संवेदक श्री अमलेन्दू भूषण, गोरखरी, विक्रम, जिला–पटना (निबंधन सं0–22/2024, श्रेणी– द्वितीय) को विभागीय आदेश सं0–3205 दिनांक–11.07.2025 द्वारा किये गये डिबार आदेश से मुक्त किया जाता है।

ह0 / –

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

(1025-(332

ज्ञापांक :– 26 / विविध–01–08 / 2025...... पटना / दिनांक :....................

प्रतिलिपिः– श्री अमलेन्दू भूषण, ग्राम+पोस्ट–गोरखरी, थाना–विक्रम, जिला–पटना, पिनकोड–801104 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :– 26 / विविध–01–08 / 2025...... पटना / दिनांक :....................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना को उनके पत्रांक–2255 दिनांक–16.06.2025 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–01–08 / 2025 6666 पटना, दिनांक 5/12/25

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

331 1024

4925013
11.12.2025

# बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,
(अभियंत्रण कोषांग)

दिनांक...... / ........ / 2025.

पत्रांक.....................(अभि०को०)

## आदेश

दरभंगा परिक्षेत्र अन्तर्गत Construction of 33 nos of Garages for Mobile Veterinary Unit in Block level Veterinary Hospitals of Darbhanga, Madhubani, Samastiur districts under Darbhanga Range for the year 2025-26 (Tender ID-105989) कार्य के लिए कार्यालय पत्रांक–366, दिनांक–18.09.2025 द्वारा संवेदक Vikash Traders को प्रश्नगत कार्य हेतु कार्यावंटन के उपरान्त कार्यालय पत्रांक–371, दिनांक–19.09.2025 से संवेदक को कार्यपालक अभियन्ता द्वारा LOA निर्गत किया गया। NIT की कंडिका–25 के आलोक में एकरारनामा हेतु निर्धारित अवधि 7 दिन के अन्दर संवेदक के उपस्थित नहीं होने के कारण कार्यालय पत्रांक–396, दिनांक–27.09.2025 से संवेदक को पुनः कार्यपालक अभियन्ता द्वारा निदेश दिया गया परन्तु इसके बाद भी संवेदक द्वारा कोई रूचि नहीं ली गयी। फिर इस कार्यालय पत्रांक–528, दिनांक–26.11.2025 द्वारा संवेदक को एकरारनामा करने हेतु अंतिम रूप से कार्यपालक अभियन्ता द्वारा स्मारित किया गया। परन्तु संवेदक द्वारा एकरारनामा कर निर्माण कार्य के क्रियान्वयन की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

इस प्रकार कार्यावंटन के उपरान्त अत्याधिक विलंब के बावजूद भी एकरारनामा नहीं करने में निविदाकार द्वारा NIT की कंडिका–25(क) का उल्लंघन किया गया है। स्वीकृत निर्माण कार्य का क्रियान्वयन प्रारम्भ नहीं हो पाया जिसके कारण MVU गैरेज के लिए समुचित गैरेज की उपलब्धता नहीं हो पायी है। Vikash Traders के विरूद्ध ठेकेदारी निबंधन नियमावली और NIT के शर्तों के उल्लंघन के लिए नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की अनुशंसा प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त वर्णित तथ्यात्मक बिन्दुओं पर सम्यक विचारोपरान्त निम्नलिखित आदेश तत्कालिक प्रभाव से निर्गत किया जाता है :–

(i) Vikash Traders (Prop- Binod Kumar Yadav) Ward no 03 Manigachhi Chanaur Chandaur Dist- Darbhanga Bihar Pincode-847422, को निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित कंडिका–19(घ) के आलोक में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना में किसी भी प्रकार की आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित (debar) किया जाता है।

(ii) Vikash Traders निविदाकार को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के आलोक में उनके निबंधन के विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई यथा निलंबन/काली सूची में डालने इत्यादि हेतु निबंधन प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले प्रशासी विभाग यथा भवन निर्माण विभाग के सक्षम प्राधिकार को अनुशंसा किया जाता है।

(iii) Vikash Traders की जमानत (EMD) की राशि जप्त करते हुए उनके विरूद्ध आवश्यकतानुसार नियमानुकूल विधि सम्मत कार्रवाई करने हेतु कार्यपालक अभियन्ता, अभियंत्रण कोषांग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पटना को प्राधिकृत किया जाता है।

ह०/–
मुख्य अभियन्ता
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
बिहार, पटना।

5204
18/12/25

1023 (230)

ज्ञापांक......................(अभि०को०). पटना–15, दिनांक–......../......../2025.
प्रतिलिपिः– Vikash Traders (Prop- Binod Kumar Yadav) Ward no 03 Manigachhi Chanaur Chandaur Dist- Darbhanga Bihar Pincode-847422 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियन्ता

ज्ञापांक......................(अभि०को०). पटना–15, दिनांक–......../......../2025.
प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियन्ता

ज्ञापांक....547........(अभि०को०). पटना–15, दिनांक–09../..12../2025.
प्रतिलिपिः– अभियन्ता प्रमुख सह अपर आयुक्त सह विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09/12/2025
मुख्य अभियन्ता

(324/1022)

# ANNEXURE - "B"

## GOVERNMENT OF BIHAR

## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT

## CERTIFICATE OF REGISTRTION

| Old Registration | New Registration |
|---|---|
| Registration No: N/A | Registration No: 2240161 |
| Class: N/A | Class: Class2 |



VIKASH TRADERS PROP BINOD KUMAR YADAV

Address WARD NO 03 MANIGACHHI CHANAUR CHANDAUR DIST DARBHANGA BIHAR
PINCODE 847422 DIST- DARBHANGA

Is hereby registered in Class2 for the period from date **02.07.2024** to **01.07.2029** As BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT.

Date 02.07.2024

Signature of Applicant

Binod kr. Yadav

This Document is Digitally Signed,
Need no Signature

Vikash Traders
Binod kr. Yadav
Proprietor

1328-1/1019

बिहार सरकार

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

M/s Kabbu Khirhar (Prop. Pankaj kumar Agarwal)(सूचीबद्धता संख्या–1200046 Class-I) को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के कार्यालय आदेश संख्या–88, दिनांक–08.09.2025 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–08.12.2025 को सुनवाई के संबंध में।

## आदेश

08.12.2025

M/s Kabbu Khirhar (Prop. Pankaj kumar Agarwal), शंकर चौक, डुमरा, जिला–सीतामढ़ी एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी उपस्थित।

कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी अंतर्गत M/s Kabbu Khirhar (Prop. Pankaj kumar Agarwal)(सूचीबद्धता संख्या–1200046 Class-I) को सीतामढ़ी क्षेत्राधीन राज्य योजना अन्तर्गत पंचायती राज विभाग द्वारा हस्तांतरित पंचायतों के वार्डों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु जलापूर्ति योजना के मरम्मति एवं सम्पोषण से संबंधित आवंटित कार्य में एकरारनामा संख्या–SBD-04/2024-25 के तहत आवंटित कार्य के एकरारनामा में निहित प्रावधानों के अनुरूप कार्य के प्रति अभिरूचि नहीं लिये जाने के कारण, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा अपने कार्यालय के आदेश संख्या–90, दिनांक–08.09.2025 द्वारा डिबार किया गया।

संवेदक द्वारा मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य पूर्ण किये जाने के पश्चात् क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–1110, दिनांक–17.09.2025 द्वारा संवेदक को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी अंतर्गत उक्त एकरारनामा से संबंधित डिबार मुक्त करने हेतु अनुशंसा किया गया।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक–10.10.2025 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा भाग लिया गया। उक्त क्रम में दिये गए निदेश के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–1237, दिनांक–22.10.2025 एवं पत्रांक–1277, दिनांक–03.11.2025 के द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि संवेदक के द्वारा अनुरक्षण नीति अंतर्गत निर्धारित मानक के अनुरूप मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य किया जा रहा है।

प्रस्तुत मामले में पुनः दिनांक–08.12.2025 को अधोहस्ताक्षरी के द्वारा सुनवाई की गई। सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक के द्वारा एकरारनामा में निहित शर्तों के तहत आवंटित कार्य में अभिरूचि नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक के द्वारा अनुरक्षण नीति अंतर्गत निर्धारित मानक के अनुरूप मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य किया जा रहा है।

सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक के द्वारा एकरारनामा में निहित शर्तों के तहत आवंटित कार्य में अभिरूचि नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक के द्वारा अनुरक्षण नीति अंतर्गत निर्धारित मानक के अनुरूप मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य किया जा रहा है।

अतः क्षेत्रीय पदाधिकारी के प्रतिवेदन एवं मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक समीक्षोपरांत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के कार्यालय आदेश संख्या–90, दिनांक–08.09.2025 के द्वारा संवेदक M/s Kabbu Khirhar (Prop. Pankaj kumar Agarwal) (सूचीबद्धता संख्या–1200046 Class-I) को अगली निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

(पंकज कुमार पाल)

सचिव

(327/1098)

ज्ञापांक–12/वि0–158/2025– 1942 पटना, दिनांक– 11/12/25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 11.12.25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–158/2025– 1942 पटना, दिनांक– 11/12/25

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 11.12.25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post

ज्ञापांक–12/वि0–158/2025– 1942 पटना, दिनांक– 11/12/25

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी/एजेसी M/s Kabbu Khirhar (Prop.Pankaj kumar Agarwal) शंकर चौक, डुमरा, जिला– सीतामढ़ी (सूचीबद्धता सं0– 1200046, Class-I) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 11.12.25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–158/2025– 1942 पटना, दिनांक– 11/12/25

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभय 11.12.25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

बिहार सरकार

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

M/s Sashi Ranjan Kumar (सूचीबद्धता सं0–110120230016 Class-I) को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के कार्यालय आदेश संख्या–88, दिनांक–08.09.2025 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–08.12.2025 को सुनवाई के संबंध में।

## आदेश

08.12.2025

M/s Sashi Ranjan Kumar, ग्राम–विश्वनाथपुर, पो0–डुमरा, जिला–सीतामढ़ी (सूचीबद्धता सं0–110120230016) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी उपस्थित।

कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी अंतर्गत M/s Sashi Ranjan Kumar (सूचीबद्धता सं0–110120230016 Class-I) को सीतामढ़ी क्षेत्राधीन राज्य योजना अन्तर्गत पंचायती राज विभाग द्वारा हस्तांतरित पंचायतों के वार्डों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु जलापूर्ति योजना के मरम्मति एवं सम्पोषण से संबंधित एकरारनामा सं0–SBD-07/2024-25 के तहत आवंटित कार्य के एकरारनामा में निहित प्रावधानों के अनुरूप कार्य के प्रति अभिरूचि नहीं लिये जाने के कारण, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा अपने कार्यालय के आदेश संख्या–88, दिनांक–08.09.2025 द्वारा डिबार किया गया।

संवेदक द्वारा मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य पूर्ण किये जाने के पश्चात् क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–1116 दिनांक–19.09.25 के द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी अंतर्गत उक्त एकरारनामा से संबंधित संवेदक को डिबार मुक्त करने हेतु अनुशंसा किया गया।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक–10.10.2025 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के द्वारा भाग लिया गया। उक्त क्रम में दिये गए निदेश के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर के द्वारा कार्यालय पत्रांक–1236 दिनांक–22.10.25 एवं पत्रांक–1278, दिनांक–18.11.2025 के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया कि संवेदक के द्वारा अनुरक्षण नीति अंतर्गत निर्धारित मानक के अनुरूप मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य किया जा रहा है।

प्रस्तुत मामले में पुनः दिनांक–08.12.2025 को अधोहस्ताक्षरी के द्वारा सुनवाई की गई। सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक के द्वारा एकरारनामा में निहित शर्तों के तहत आवंटित कार्य में अभिरूचि नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात्, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक के द्वारा अनुरक्षण नीति अंतर्गत निर्धारित मानक के अनुरूप मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य किया जा रहा है।

अतः क्षेत्रीय पदाधिकारी के प्रतिवेदन एवं मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक समीक्षोपरांत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के कार्यालय आदेश संख्या–88, दिनांक–08.09.2025 के द्वारा संवेदक M/s Sashi Ranjan Kumar (सूचीबद्धता सं0–110120230016 Class-I) को अगली निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

325 1016

ज्ञापांक–12 / वि0–159 / 2025– 1951 पटना, दिनांक– 11/12/25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना / बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 11.12.25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–159 / 2025– 1951 पटना, दिनांक– 11/12/25

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 11.12.25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post

ज्ञापांक–12 / वि0–159 / 2025– 1951 पटना, दिनांक– 11/12/25

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सीतामढ़ी / एजेंसी M/s Sashi Ranjan Kumar, ग्राम–विश्वनाथपुर, पो0–डुमरा, जिला–सीतामढ़ी (सूचीबद्धता सं0–110120230016) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 11.12.25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–159 / 2025– 1951 पटना, दिनांक– 11/12/25

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभय 11.12.25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

## Letter no. 1942,1941,1940 dt 11-12-2025 आदेश

**Data Centre** < datacentre_phed@yahoo.co.in >

Thu, 11 Dec 2025 5:54:51 PM +0530

To "Chief Secretary Bihar"<cs-bihar@nic.in>,"wrd-bih@bih.nic.in"<wrd-bih@bih.nic.in>,"secy-bcd-bih@nic.in"<secy-bcd-bih@nic.in>,"secy_ruralworks@gov.in"<secy_ruralworks@gov.in>,"secy-plandev-bih@nic.in"<secy-plandev-bih@nic.in>,"urbansec-bih@nic.in"<urbansec-bih@nic.in>,"mdbuidco@gmail.com"<mdbuidco@gmail.com>,"md@buidco.in"<md@buidco.in>,"cgm@buidco.in"<cgm@buidco.in>,"secmnir-bih@nic.in"<secmnir-bih@nic.in>,"secyrcd-bih@nic.in"<secyrcd-bih@nic.in>

Sir,
Please find the attached file.

Data Centre
PHED, Bihar, Patna

**3 Attachment(s)**

1942 dt 11-12-2025.pdf
904.6 KB

1941 dt 11-12-2025.pdf
874.6 KB

1940 dt 11-12-2025.pdf
1020.3 KB

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

4848719
24.11.2025

सं0आ0सं0— 14/अ0प्र0—14—304/2025 11721 /पटना, दिनांक— 19.11.25

## संशोधित सकारण आदेश

कार्य प्रमंडल छपरा—02 के अधीन MR (3054) योजनान्तर्गत (i) दाढ़ी बाड़ी से धनेश छपरा पथ के मरम्मति कार्य को लंबित/अपूर्ण रखे जाने के आलोक में संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा संवेदक नरसिंह सिंह (निबंधन संख्या— 1190332), ग्राम—कराह, पो0—हरपुर कराह, थाना—बनियापुर, जिला—सारण, पिन कोड—841403 को डीबार सूची में सम्मिलित करने हेतु की गयी अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक—1133 अनु0, दिनांक 20.02.2023 द्वारा निर्गत डीबार सूची के क्रमांक— 05 पर उक्त संवेदक का नाम सम्मिलित करते हुए, उन्हें आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित किया गया।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल छपरा—02 के पत्रांक 1530 अनु0 दिनांक 31.10.2025 द्वारा संदर्भित पथ का अनुरक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने की सूचना दी गई। तद्‌लोक में प्राप्त सूचना के आधार पर समीक्षोपरान्त उक्त संवेदक को डिबार से मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः संवेदक नरसिंह सिंह (निबंधन संख्या— 1190332), ग्राम—कराह, पो0—हरपुर कराह, थाना—बनियापुर, जिला—सारण, पिन कोड—841403 को विभागीय पत्रांक—1133 अनु0, दिनांक 20.02.2023 द्वारा निर्गत डीबार सूची के क्रमांक— 05 से विलोपित करते हुए दिनांक 20.02.2023 से डिबार मुक्त किया जाता है।

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक—14/अ0प्र0—14—304/2025 11721 /पटना, दिनांक— 19.11.25

प्रतिलिपि—अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी परियोजना प्रबंधक, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक—14/अ0प्र0—14—304/2025 11721 /पटना, दिनांक— 19.11.25

प्रतिलिपि— प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेषक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

P.T.O

98
996 | 323

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–304/2025 11721 /पटना, दिनांक– 19.11.25

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को (विभागीय बेवसाईड पर अपलोड करने हेतु) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 18.11.2025

अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–304/2025 11721 /पटना, दिनांक– 19.11.25

प्रतिलिपि– संवेदक नरसिंह सिंह (निबंधन संख्या– 1190332), ग्राम–कराह, पो0–हरपुर कराह, थाना–बनियापुर, जिला–सारण, पिन कोड–841403 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 18.11.2025

अभियंता प्रमुख

# बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड

**BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**

( A Govt. of Bihar Undertaking )

ISO 9001:14001;OHSAS 18001

Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasa, Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna-800004
Tel. No : 0612 - 2660850 *Fax No : 0612 - 2660256, E-mail: bseidc@gmail.com

## कार्यालय–आदेश

पटना, दिनांक– 19/11/25

संख्या– 287

संवेदक, **"Anil Kumar Singh, Vill+P.O-Dhangai, P.S-Bikramganj, District-Rohtas"** द्वारा जिला–अररिया अंतर्गत "Construction of 100 Bedded Girls Hostel at L.S. High School, Plasi Pategna, Araria, KGBV Campus, Bhargama, KGBV Campus Jokihat, KGBV Campus Plasi & M.S. Raniganj Campus District-Araria (Group No.-318)" एकरारनामा संख्या–93 SBD of 2022-23, दिनांक–20.05.2022 का भवन निर्माण कार्य को एकरारित समय के अंतर्गत पूर्ण नहीं किये जाने के कारण डिफाल्टर घोषित करते हुए इस कार्य के पूर्ण होने तक ज्ञापांक–5899, दिनांक–23.09.2024 द्वारा अगली निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया था।

माननीय उच्च न्यायालय, पटना के Case No.- 14743 of 2025 में पारित आदेश Annexure P7 date 23.09.2024 stands set aside. Matter is remanded to the concerned authority to proceed afresh after providing ample opportunity of hearing to the petitioner. के आलोक में कार्यालय आदेश संख्या–117 सह–पठित ज्ञापांक–BSEIDC/TECH/979/2016(VOL-V)-5899, दिनांक–23.09.2024 को Set Aside किया जाता है।

इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः– BSEIDC/TECH/979/2016(VOL-V)- पटना, दिनांक–..........................

प्रतिलिपिः–संवेदक **"Anil Kumar Singh, Vill+P.O-Dhangai, P.S-Bikramganj, District-Rohtas"** को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः– BSEIDC/TECH/979/2016(VOL-V)- 10342 पटना, दिनांक– 19/11/25

प्रतिलिपिः अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार मेडिकल सर्विसेज एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लि०, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

19/11/25
मुख्य अभियंता

4964
1/12/25

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना

4858542 (321/994)
26.11.2025

98

स0आ0सं0– 14/अ0प्र0–14–288/2025 1177 /पटना, दिनांक– 21.11.25

## सकारण आदेश

कार्य प्रमंडल सिवान–02 के अधीन MMGSY (SC) योजनान्तर्गत (i) Kabirpur Pitch Road to Kabirpur Bhagat Tola (ii) Bagahut Baba ke Sithan se Khalwa पथ के अनुरक्षण कार्य को लंबित/अपूर्ण रखे जाने के आलोक में संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा संवेदक Amit Kumar Chaturvedi (निबंधन संख्या– 1190387), At+P.O-Sematar, P.S- Guthani, Dist- Siwan, Pincode- 841435 को डीबार सूची में सम्मिलित करने हेतु की गयी अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–1144 अनु0, दिनांक 20.02.2023 द्वारा निर्गत डीबार सूची के क्रमांक 20 पर उक्त संवेदक का नाम सम्मिलित करते हुए, उन्हें आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित किया गया।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल सिवान–02 के पत्रांक 712 अनु0 दिनांक 15.05.2025 द्वारा प्राप्त अनुशंसा के आलोक में अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल सिवान के पत्रांक 547, 550 अनु0, दिनांक 17.07.2025 एवं मुख्य अभियंता–05 (मुजफ्फरपुर), ग्रामीण कार्य विभाग, पटना का पत्रांक–3075 अनु0, दिनांक–01.09.2025 द्वारा संदर्भित पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने की सूचना एवं विहित जॉच पत्र उपलब्ध कराते हुए संवेदक को डिबार मुक्त करने की अनुशंसा की गई। प्राप्त अनुशंसा एवं संबंधित साक्ष्यों के समीक्षोपरान्त उक्त संवेदक को डिबार मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः संवेदक Amit Kumar Chaturvedi (निबंधन संख्या– 1190387), At+P.O-Sematar, P.S- Guthani, Dist- Siwan, Pincode- 841435 को विभागीय पत्रांक–1144 अनु0, दिनांक 20.02.2023 द्वारा निर्गत डीबार सूची के क्रमांक– 20 से विलोपित करते हुए डिबार मुक्त किया जाता है।

(sd/-) 18.11.25
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–288/2025 1177 /पटना, दिनांक– 21.11.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी परियोजना प्रबंधक, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(sd/-) 18.11.25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–288/2025 1177 /पटना, दिनांक– 21.11.25

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेषक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(sd/-) 18.11.25
अभियंता प्रमुख

P.T.O

4963
1/12/25

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–288/2025 11771 /पटना, दिनांक– 21.11.25

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को (विभागीय बेवसाईड पर अपलोड करने हेतु) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–288/2025 11771 /पटना, दिनांक– 21.11.25

प्रतिलिपि– संवेदक Amit Kumar Chaturvedi (निबंधन संख्या– 1190387), At+P.O-Sematar, P.S- Guthani, Dist- Siwan, Pincode- 841435 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,

7, सरदार पटेल मार्ग–पटना–15

4861028
26.11.2025

| Doc. No:- BRPNNL/HQA / C00/ 179 | Dt ..25/11/2025 | Page No…./… |
|---|---|---|

## || कार्यालय आदेश ||

बक्सर जिलान्तर्गत चौसा–गमहर के बीच रेलवे स्टेशन के बीच स्थित LC No. – 78A पर ROB के पहुँच पथ निर्माण कार्य संवेदक Bhabesh Mishra Construction Pvt. Ltd, Nayachak, Ishakchak, District-Bhagalpur (निबंधन संख्या– पु0नि0नि02/स्था0(नि0)– 01 (प्रथम)–434/2021) को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि दिनांक–04.05.2022 तथा कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक–03.08.2023 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि समाप्त होने के बावजुद अभी तक Foundation-100%, Sub-structure-100% तथा Superstructure –85% ही किया गया है। वरीय परियेजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, आरा द्वारा संवेदक को कई बार पत्राचार किया गया एवं अनेकों बार मौखिक रूप से कार्य की प्रगति में तेजी लाते हुए कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया तथा Work Programme समर्पित करने का भी निदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि यह महत्वपूर्ण परियोजना बक्सर–चौसा पथ के मुख्य मार्ग पर अवस्थित रहने के कारण उच्चधिकारी द्वारा इस परियोजना को पूर्ण करने हेतु अनेको बार निदेशित किया गया है, परंतु संवेदक द्वारा उक्त कार्य में कोई रूचि नही लिया जा रहा है। विदित हो कि अध्यक्ष, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 द्वारा द्वारा दिनांक–06.09.2025 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के बक्सर के राजपुर कार्यक्रम में जाने के दौरान उक्त ROB-78A में वांछित प्रगति नही रहने के कारण क्षोभ व्यक्त करते हुए संवेदक को डिवार करने हेतु निदेशित किया गया। उपरोक्त कार्य में लापरवाही बरतने के कारण वरीय परियोजना अभियन्ता द्वारा संवेदक को डीबार करने हेतु अनुशंसा किया गया है, जिसपर उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल–1, पटना का भी अनुशंसा प्राप्त है।

वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल आरा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 का पत्रांक–1134 (अनु0), दिनांक–22.09.2025 के अनुशंसा एवं उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल सं0–1, पटना का पत्रांक–2096(अनु0) पटना दिनांक–06.10.2025 द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में संवेदक Bhabesh Mishra Construction Pvt. Ltd, Nayachak, Ishakchak, District- Bhagalpur (निबंधन संख्या– पु0नि0नि02/स्था0(नि0)– 01 (प्रथम)–434/2021) को उपरोक्त कार्य पूर्ण होने तक अगले निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–..........................................

प्रतिलिपिः– सचिव (योजना एवं प्रशासन)/सभी उप मुख्य अभियन्ता/सभी वरीय परियोजना अभियन्ता/वरीय योजना अभियन्ता/वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–..........................................

प्रतिलिपिः– Bhabesh Mishra Construction Pvt. Ltd, Nayachak, Ishakchak, District- Bhagalpur को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

4960
01/12/25

कृपया पृष्ठ पल्टें.............

989 / 918

ज्ञापांक–........................................./पटना, दिनांक–.......................................................
प्रतिलिपिः–बेवसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक–.........3478........./पटना, दिनांक–25/11/2025..............................
प्रतिलिपिः– अभियन्ता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

24.11.25
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

24.11.2025

अभियंता प्रमुख - सह - अपर आयुक्त
- सह - विशेष सचिव
पथ निर्माण विभाग

कम्प्यूटरीकृत आवक 317 / 988
पंजीयन संख्या
4852943
25.11.2025

बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

संवेदक, कुमार सुधांशु सिंह, बनगांव रोड, गोदावरी कम्पलेक्स, वार्ड सं0–21, जिला–सहरसा, पिन नं0–852201, बिहार को विभागीय कार्यालय आदेश सं0–183–सह–पठित ज्ञापांक–2019, दि0–28.07.2020 एवं कार्यालय आदेश सं0–224–सह–पठित ज्ञापांक–2101, दि0–19.08.2020 के द्वारा किये गये डीबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन दि–24.09.2025 के सुनवाई के संबंध में।

## आदेश

| 24.09.2025 | संवेदक, कुमार सुधांशु सिंह, बनगांव रोड, गोदावरी कम्पलेक्स, वार्ड सं0–21, जिला–सहरसा, पिन नं0–852201 (सूचीबद्धता सं0–612/2019) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा एवं सुपौल सुनवाई में उपस्थित। |
|---|---|

संवेदक, श्री कुमार सुधांशु सिंह, को कृत एकरारनामा के तहत आवंटित कार्य ससमय पूर्ण नहीं किये जाने के कारण लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा अंतर्गत एकरारनामा संख्या–SBD-27, 28 & 29/2019-20 एवं लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल अंतर्गत एकरारनामा संख्या–MBD-549/2019-20 में क्रमशः विभागीय कार्यालय आदेश सं0–183–सह–पठित ज्ञापांक–2019, दि0–28.07.2020 एवं कार्यालय आदेश सं0–224–सह–पठित ज्ञापांक–2101, दि0–19.08.2020 द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया।

संवेदक द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा एवं सुपौल अन्तर्गत उक्त एकरारनामा के तहत आवंटित कार्य पूर्ण करने के उपरान्त डिबार से मुक्त करने हेतु क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ के क्रमशः पत्रांक–94 एवं 95, दि0–08.02.2024 द्वारा डिबार से मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

संवेदक से प्राप्त आवेदन एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र, पूर्णियाँ से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दि0–24.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा एवं सुपौल द्वारा भाग लिया गया।

सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि एकरारनामा में निहित शर्तों के तहत योजना संबंधी कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं करने एवं कतिपय निदेशों के बावजूद भी संवेदक के द्वारा संपोषण एवं मरम्मति कार्य में अभिरूचि नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात, दोनो कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक द्वारा एकरारनामा के अनुरूप कार्य किया गया है।

अतः सम्यक समीक्षोपरांत विभागीय कार्यालय आदेश सं0–183–सह–पठित ज्ञापांक–2019, दि0–28.07.2020 एवं कार्यालय आदेश सं0–224–सह–पठित ज्ञापांक–2101, दिनांक–19.08.2020 द्वारा संवेदक, कुमार सुधांशु सिंह, (सूचीबद्धता सं0–612/2019) निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी पूर्व निर्गत दोनो आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

ह0/–
(पंकज कुमार पाल)
सचिव

~~f~~ 310

ज्ञापांक–12/वि0–110/2024– 1497 पटना, दिनांक– 6.10.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 06/10/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–110/2024– 1497 पटना, दिनांक– 6.10.25

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 06/10/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post

ज्ञापांक–12/वि0–110/2024– 1497 पटना, दिनांक– 6.10.25

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा एवं सुपौल/कुमार सुधांशु सिंह, बनगांव रोड, गोदावरी कम्पलेक्स, वार्ड सं0–21, जिला–सहरसा, पिन नं0–852201 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 06/10/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

बिहार सरकार

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्र संख्या–12/वि0–115/2025 – 1496 पटना, दिनांक– 6.10.25

**एजेसी M/s Sunita S. kundan Infrastructure Pvt. Ltd., At-Mauriyama, Post-Ashiyana Nager, Patna, Pin-800025** (सूचीबद्धता सं0–21/2020) को विभागीय कार्यालय आदेश सं0–340, दि0–13.11.2020 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दि0–24.09.2025 के सुनवाई के संबंध में।

## आदेश

24.09.2025

संवेदक M/s Sunita S. kundan Infrastructure Pvt. Ltd. एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर सुनवाई में उपस्थित।

प्रस्तुत मामला लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर अंतर्गत संवेदक एजेसी M/s Sunita S. kundan Infrastructure Pvt. Ltd. (सूचीबद्धता संख्या–21/2020) को एकरारनामा संख्या–**SBD-352/2019-20** एवं **SBD-353/2019-20** के तहत कार्य निष्पादन में चूक के लिए विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–340, दि0–13.11.2020 के द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किये जाने के विरूद्ध संवेदक द्वारा डिबार मुक्त करने हेतु अपील दायर करने से संबंधित है।

संवेदक के द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर अंतर्गत उक्त एकरारनामा के तहत आवंटित कार्य पूर्ण करने के उपरांत डिबार से मुक्त करने हेतु कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर एवं अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, दरभंगा के प्रतिवेदन के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर के कार्यालय के पत्रांक–1355 दिनांक–11.12.2024 के द्वारा संवेदक को डिबार मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि एकरारनामा में निहित शर्तों के तहत योजना संबंधी कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं करने एवं कतिपय निदेशों के बावजूद भी संवेदक के द्वारा एकरारनामा एवं निर्धारित मानक के अनुरूप अभिरूचि नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक द्वारा एकरारनामा के अनुरूप कार्य कर दिया गया है।

अतः सम्यक समीक्षोपरांत विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–340, दि0–13.11.2020 द्वारा M/s Sunita S. kundan Infrastructure Pvt. Ltd. को निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

ह0/–
(पंकज कुमार पाल)
सचिव

985 314

ज्ञापांक–12 / वि0–115 / 2025– 1496 पटना, दिनांक– 6.10.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना / बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 06/10/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–115 / 2025– 1496 पटना, दिनांक– 6.10.25

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 06/10/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post

ज्ञापांक–12 / वि0–115 / 2025– 1496 पटना, दिनांक– 6.10.25

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर / M/s Sunita S. kundan Infrastructure Pvt. Ltd., At-Mauriyama, Post-Ashiyana Nager, Patna, Pin-800025 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 06/10/25

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

4852947
25.11.2025

बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

**मेसर्स मोनी शंकर, पता–ग्राम–लंगरपुर, पोस्ट/थाना–बाढ़, जिला–पटना पिन नं0–803213 (सूचीबद्धता सं0–239/2013) को विभागीय पत्रांक–1323, दिनांक–02.06.2017 के द्वारा किये गये डीबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन दिनांक–10.10.2025 के सुनवाई के संबंध में।**

## आदेश

10.10.2025

मेसर्स मोनी शंकर, पता–ग्राम–लंगरपुर, पोस्ट/थाना–बाढ़, जिला–पटना पिन नं0–803213 एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व उपस्थित।

प्रस्तुत मामला मेसर्स मोनी शंकर लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व अंतर्गत संवेदक/एजेन्सी मेसर्स मोनी शंकर, पटना पूर्व को एकरारनामा संख्या–$F_2$-23/2015-16के तहत आवंटित कार्य ससमय पूर्ण नहीं किये जाने के कारण विभागीय पत्रांक–1323, दि0–02.06.2017 द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया था।

संवेदक द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व अन्तर्गत उक्त एकरारनामा के तहत आवंटित कार्य पूर्ण करने के उपरान्त डिबार से मुक्त करने हेतु आवेदन समर्पित किया गया जिसे संलग्न करते हुए क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना के पत्रांक–399, दि0–06.06.2023 के द्वारा डीबार मुक्त करने हेतु अनुशंसा की गई।

संवेदक से प्राप्त आवेदन एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दि0–10.10.2025 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व द्वारा भाग लिया गया।

सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक के द्वारा एकरारनामा में निहित शर्तो के तहत आवंटित कार्य ससमय पूर्ण नहीं किये जाने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक द्वारा एकरारनामा के अनुरूप कार्य कर दिया गया है।

अतः सम्यक समीक्षोपरांत विभागीय पत्रांक–1323, दि0–02.06.2017 द्वारा M/s Moni Shankar (सूचीबद्धता सं0–239/2013) को निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन)
पत्र सं0– 5099
दिनांक– 25.11.25

ज्ञापांक–12/वि0–177/2024– 1573 पटना, दिनांक– 15.10.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–177/2024– 1573 पटना, दिनांक– 15.10.25

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–177/2024– 1573 पटना, दिनांक– 15.10.25

Speed Post

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व / M/s Moni Shankar, vill.-Langarpur, Po+Ps-Barh, Dist.-Patna, Pin-803213 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)